Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give compensation to farmers who suffered crop damage due to heavy rainfall.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र रीवा, मध्य प्रदेश की तीन खरीफ की मुख्य फसले हैं- धान, उड़द और मूंग । उड़द और मूंग पूरी तरह से भारी वर्षा के कारण तबाह हो गई और धान कंडो रोग लगने की वजह से खत्म हो गई । लेकिन आज तक इतने बड़े प्रदर्शन और तमाम मांगों के बावजूद भी मध्य प्रदेश की सरकार ने इन फसलों के नुकसान का कोई सर्वे नहीं कराया है । इसके साथ ही साथ जो किसान सम्मान निधि भारत सरकार दे रही है, उसमें भी रोड़े अटकाये जा रहे हैं । वह भी नहीं मिल रही है । मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि मध्य प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाए कि वह उड़द, मूंग और धान की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करा कर किसानों को उचित मुआवजा दें और किसान सम्मान निधि की राशि तत्काल प्रदान कराने की व्यवस्था करें । धन्यवाद । जयहिंद ।